दमोह के डुगरुपुरा गांव में शराबबंदी : शराब बेची तो देना होगा 11 हजार रुपए का जुर्माना

पीकर बवाल किया तो 'हुक्का-पानी' बंद, महिलाओं ने लिया तगड़ा एक्शन

दमोह, देशबन्धु। जो काम कई बार प्रशासन और पुलिस का डंडा नहीं कर पाता, वो गांव वालों की एकजुटता चुटकियों में कर देती है। दमोह जिले से एक ऐसी पॉजिटिव खबर आई है, जिसे सुनकर आप भी कहेंगे – 'वाह! गांव हो तो ऐसा।' दमोह के बटियागढ़ ब्लॉक के डुगरूपुरा गांव ने सर्वसम्मति से 'शराबबंदी' का ऐतिहासिक फैसला लिया है।

अब अगर इस गांव में किसी ने शराब या गांजा बेचने की हिमाकत की तो उसकी खैर नहीं! शनिवार दोपहर गांव में एक विशाल सामूहिक पंचायत बैठी, जिसमें महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर मोर्चा संभाला। इस पंचायत में बकायदा मगरोन थाना प्रभारी भी मौजूद रहे और गांव वालों ने मिलकर कुछ कड़क नियम बना दिए।

अगर गांव की सीमा में कोई भी अवैध शराब या गांजा बेचता पकड़ा गया तो उस पर सीधा 11 हजार रुपए का जुर्माना ठोका जाएगा। जो लोग शराब पीकर गाली-गलौज करते हैं या मोहल्ले में हंगामा करते हैं, उन्हें 5,100 रुपए का दंड भुगतना होगा।

सिर्फ जुर्माना ही नहीं, ऐसे दोषियों को गांव के सभी सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों (जैसे शादी-विवाह, कथा-कीर्तन) से पूरी तरह बहिष्कृत कर दिया जाएगा। पंचायत ने यह भी तय किया है कि नशा बेचने और बवाल काटने वालों को किसी भी शासकीय योजना का लाभ नहीं लेने दिया जाएगा।

आखिर अचानक गांव वालों को इतना कड़ा फैसला क्यों लेना पड़ा? इस पंचायत में मौजूद महिला 'हेमा' ने जब अपनी परेशानी बताई, तो वहां बैठी हर महिला की आंखें छलक आईं और गुस्सा भी फूट पड़ा।

हेमा ने बेबाकी से कहा कि शराब पीकर आने वाले पति घर में रोज मारपीट करते हैं। नशे की लत इतनी बुरी है कि लोग घर का राशन और सामान तक बेच देते हैं। इस वजह से गांव का पूरा माहौल खराब हो रहा है और हमारी जिंदगी नर्क बन गई है।

पंचायत में मौजूद ग्रामीण बहादुर सिंह और राजेश मिश्रा ने बताया कि अवैध शराब की चौपालों के कारण गांव में आए दिन खूनी विवाद होते रहते हैं। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि गांव के छोटे-छोटे बच्चे भी इस नशे की लत का शिकार हो रहे थे। बस, इसी बर्बादी को रोकने के लिए पूरे गांव ने एक साथ आकर यह तगड़ा एक्शन लिया है।

योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर के दिए अधिकारियों को सख्त निर्देश

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित

डिंडोरी, देशबन्धु। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का जिम्मेदारीपूर्वक और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन विभागों में बार-बार शिकायतें दर्ज हो रही हैं, उनके अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने मत्स्य विभाग को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री मछुआ पालन योजना एवं स्मार्ट फिश पार्लर निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधूरे निर्माण कार्यों को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कर संचालन प्रारंभ कराया जाए।

भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत गौरा कन्हारी में वन अधिकार पत्रों में पाई गई त्रुटियों के सुधार के संबंध में कलेक्टर ने जनजातीय कार्य विभाग, वन विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को 15 दिवस के भीतर जिलेभर में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कृषि विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी किसानों का कृषक पंजीयन सत्यापित कर समय पर बीज एवं खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही फसल बीमा की प्रक्रिया पूर्ण कर किसानों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए।

पशुपालन विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित टीकाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान की निगरानी करने तथा गांव-गांव जाकर पशुओं को संक्रामक रोगों से बचाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने बताया कि जिले में 12 जून से 18 जून के मध्य विकासखंड एवं जिला मुख्यालय स्तर पर जनकल्याणकारी शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

सार-समाचार

निर्माणाधीन सीसी सड़क पर बिखरी रेत-गिट्टी से बढ़ा हादसों का खतरा, कई दोपहिया चालक घायल

हटा/दमोह, देशबन्धु। हटा-दमोह-पन्ना मुख्य मार्ग पर निर्माणाधीन सड़क इन दिनों राहगीरों के लिए मुसीबत बन गई है। सड़क के कुछ हिस्सों में सीसी रोड निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन निर्माण के बाद सड़क पर फैली रेत और छोटी गिट्टी की सफाई नहीं होने से आए दिन दोपहिया वाहन चालक फिसल रहे हैं और चोटिल हो रहे हैं।

खाचना क्षेत्र के स्थानीय निवासियों के अनुसार, पिछले दो से तीन दिनों में ही 7 से 8 दोपहिया वाहन सड़क पर फैली रेत और गिट्टी के कारण फिसल चुके हैं। इन हादसों में कई लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक बच्चा भी शामिल बताया जा रहा है। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है, जब वाहन चालक अपने साथ बच्चों को लेकर सफर कर रहे होते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी सड़क निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों और गुणवत्ता संबंधी नियमों की अनदेखी कर रही है। सीसी रोड बनने के बाद सड़क की सफाई न होने से आमजन की जान जोखिम में पड़ रही है, लेकिन एजेंसी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही। यह आरोप लगाते हुए खाचना निवासी अभिषेक यादव, गोरेलाल, सुनील साहू ने प्रशासन और संबंधित निर्माण एजेंसी से मांग की है कि सीसी रोड पर फैली रेत और गिट्टी को तत्काल साफ कराया जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके और लोग सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच सकें।

ओवरलोड की समस्या से मिली राहत

दमोह,देशबन्धु। दमोह शहर वितरण केंद्र अंतर्गत राय चौराहा क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को अब बेहतर व निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी। क्षेत्र में लंबे समय से बढ़ते विद्युत भार के कारण स्थापित 200 केवीए ट्रांसफार्मर पर ओवरलोड की स्थिति निर्मित हो रही थी जिससे बार-बार डीओ ट्रिप होने और बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की शिकायतें सामने आ रही थीं। मामले की जानकारी मिलते ही अधीक्षण अभियंता, दमोह ने त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्यपालन अभियंता, दक्षिण संभाग दमोह एम. एल. साहू को आवश्यक निर्देश दिए। उनके निर्देशन में विभाग द्वारा राय चौराहा क्षेत्र में लोड बैलेंसिंग का कार्य कराते हुए अतिरिक्त 200 केवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। नए ट्रांसफार्मर की स्थापना से क्षेत्र के लगभग 410 विद्युत उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिला है।

विद्युत भार का संतुलित वितरण होने से न केवल ओवरलोड की समस्या समाप्त हुई है बल्कि उपभोक्ताओं को बेहतर वोल्टेज के साथ गुणवत्तापूर्ण एवं सुचारू बिजली आपूर्ति भी सुनिश्चित हुई है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार आगामी समय में विद्युत मांग बढ़ने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह कार्य किया गया है ताकि भविष्य में विद्युत आपूर्ति बाधित न हो और सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। यह कार्य दमोह शहर वितरण केंद्र के मेंटेनेंस प्रभारी एमएस राय के मार्गदर्शन में लाइन स्टाफ द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं वरिष्ठ नागरिकों का हुआ सम्मान

तेंदूखेड़ा, देशबन्धु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तेजगढ़ मंडल के शक्ति केंद्र झलोन सहित पुतरी घाट, हरदुआ पुरा एवं मगदूपुरा क्षेत्र में रविवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जबेरा विधानसभा के विधायक एवं मध्यप्रदेश शासन में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। ग्राम झलोन में आयोजित सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह में मंत्री श्री लोधी ने उपस्थित वरिष्ठजनों का गमछा, घड़ी एवं कैलेंडर भेंट कर सम्मान किया। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के अनुभवों को समाज की अमूल्य धरोहर बताते हुए उनके योगदान की सराहना की इसके पश्चात मंत्री श्री लोधी ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया तथा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से भेंट कर संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के कुछ दुखी परिवारों के यहां पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की इस दौरान सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



साइकिल पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिले

तेंदूखेड़ा, देशबन्धु। शासकीय एकीकृत शाला झलौन में सोमवार को विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराना तथा शिक्षा के प्रति उनकी निरंतरता और उत्साह को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि चक्रेश जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर शाला प्रभारी चंद्रकांत हजारी, हल्केलाल जैन, जीएस रावत, फूलसिंह ठाकुर, प्रदीप साहू, सत्यनारायण सोनी, शैलजा रावत एवं रेखा सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

अतिथियों ने विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, शिक्षा के महत्व को समझने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए मेहनत करने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि शासन की यह महत्वाकांक्षी योजना ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों, विशेषकर बालिकाओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। इससे विद्यार्थियों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ-साथ शिक्षा के प्रति उनका उत्साह भी बढ़ेगा। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बलराम सिंह सहित बड़ी संख्या में पालकगण एवं विद्यार्थियों के परिजन उपस्थित रहे। सभी ने शासन की इस जनहितकारी योजना की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय परिवार द्वारा किया गया। अंत में शाला प्रभारी चंद्रकांत हजारी ने उपस्थित अतिथियों, पालकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

बजाग में जनकल्याण शिविर का शुभारंभ

डिंडोरी, देशबन्धु। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बजाग सचिन अग्रवाल के मार्गदर्शन में आकांक्षी विकासखंड बजाग में तीन दिवसीय विशाल जन कल्याण शिविर का शुभारंभ उत्कृष्ट विद्यालय बजाग में किया गया। 15 जून से 17 जून 2026 तक आयोजित इस शिविर का उद्देश्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना एवं उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है।

शिविर के उद्घाटन अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष फूलकली मरावी, उपाध्यक्ष राधेश्याम कुशराम, उपाध्यक्ष राजेंद्र दुबे, सुशील यादव, नीरज मुझवार, शंकर सिंह भदौरिया, चूरामन साहू, लोकेश पटेरिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सचिन अग्रवाल, तहसीलदार श्री भरत सिंह, बीआरसी ब्रजभान गौतम सहित जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक ओमकार मरकाम ने शिविर स्थल पहुंचकर हितग्राहियों से संवाद किया तथा विभिन्न विभागों के पंजीयन काउंटरों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर के दौरान अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए।

शिविर में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य एवं आजीविका मिशन सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए हैं। यहां आयुष्मान कार्ड निर्माण, पेंशन स्वीकृति, किसान सम्मान निधि, लाड़ली बहना योजना, आधार अद्यतन, जाति एवं आय प्रमाण पत्र तथा बिजली बिल सुधार जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

प्रथम दिवस कुल '386 आवेदन' प्राप्त हुए, जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया। इनमें जनपद पंचायत के 186, स्वास्थ्य विभाग के 65, जनजातीय कार्य विभाग के 59, आजीविका मिशन के 30, खाद्य विभाग के 19, राजस्व विभाग के 11, महिला एवं बाल विकास विभाग के 10, उद्यान विभाग के 4 तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 2 आवेदन शामिल रहे। सभी आवेदन पात्र पाए गए और उनका त्वरित निराकरण किया गया।

शिविर के पहले दिन बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं हितग्राही पहुंचे। उन्होंने एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध होने पर संतोष और प्रसन्नता व्यक्त की।

सोमवती अमावस्या पर जागेश्वर धाम में दिखी आस्था, एक लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

जबेरा, देशबन्धु। सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर दमोह जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल जागेश्वर धाम बांदकपुर में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। पूरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और करीब एक लाख भक्तों ने भगवान जागेश्वर नाथ के दर्शन किए। सुबह 4 बजे मंदिर के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं, जो देर शाम तक जारी रहीं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने गर्भगृह में प्रवेश प्रतिबंधित रखा, जिससे श्रद्धालुओं ने बाहर से ही जल अर्पित कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। सुरक्षा व्यवस्था के तहत मंदिर परिसर में व्यापक इंतजाम किए गए। 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई, वहीं पांच थाना क्षेत्रों का पुलिस बल तैनात रहा, जिससे पूरे दिन व्यवस्था सुचारू बनी रही।

धार्मिक मान्यता के अनुसार सोमवती अमावस्या का विशेष महत्व है। इस दिन महिलाएं वट वृक्ष की पूजा कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं और भगवान शिव के दर्शन करती हैं। मंदिर प्रबंधन द्वारा पेयजल, विश्राम और दर्शन की समुचित व्यवस्था की गई, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। प्रशासन और मंदिर ट्रस्ट की निगरानी में पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

फार्मर आईडी कम्प्यूटर में अपलोड न होने से परेशान किसानों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

तेंदूखेड़ा, देशबन्धु। सोमवार को नगर के चौरई वार्ड एवं ग्राम चौरई के किसानों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार विवेक व्यास को ज्ञापन सौंपते हुए किसानों की फार्मर आईडी नहीं बनने की गंभीर समस्या से अवगत कराया। किसानों ने बताया कि ग्राम चौरई के किसी भी किसान की फार्मर आईडी नहीं बन पा रही है, जिससे उन्हें खाद नहीं उपलब्ध हो पा रही है।

ज्ञापन में किसानों ने उल्लेख किया कि उन्होंने कई बार ऑनलाइन एवं संबंधित विभागों के माध्यम से फार्मर आईडी बनाने का प्रयास किया, लेकिन तकनीकी त्रुटियों अथवा अन्य कारणों से प्रक्रिया सफल नहीं हो पा रही है। किसानों का कहना है कि वर्तमान में खाद वितरण सहित कई कृषि संबंधी योजनाओं में फार्मर आईडी अनिवार्य होने के कारण वे आवश्यक सुविधाओं और लाभों से वंचित हो रहे हैं। किसानों ने बताया कि खेती-किसानी का कार्य चल रहा है और समय पर आवश्यक संसाधन नहीं मिलने से कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इससे किसानों में चिंता और असंतोष का माहौल बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि समस्या की जांच कर तत्काल समाधान कराया जाए तथा ग्राम चौरई के सभी पात्र किसानों की फार्मर आईडी शीघ्र बनवाई जाए। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने चेतावनी भी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो ग्राम चौरई के किसान एकजुट होकर तहसील कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष तुलाराम यादव, फूल सिंह, तुगराम, अनारी, दीपेंद्र, राहुल, अशोक घोषी, राघव, महेंद्र, प्रवेश, राजेश, शक्ति सिंह, प्रकाश त्रिपाठी, बहादुर, कमलेश सेन, अनुज घोषी, प्रमोद घोषी, कैलाश, अमोल पटेल सहित अन्य किसान उपस्थित रहे। किसानों ने प्रशासन से शीघ्र आवश्यक कार्रवाई कर राहत प्रदान करने की मांग की है। कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष नीलेश यादव व जनपद अध्यक्ष तुलाराम यादव ने कहा कि फार्मर आईडी अपलोड नहीं होने के कारण ग्राम चौरई के किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि तहसीलदार विवेक व्यास ने किसानों को आश्वासन दिया है कि बुधवार से ग्राम चौरई के किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाएगी। श्री यादव ने कहा कि निर्धारित समय के बाद भी किसानों को खाद नहीं मिलती है तो कांग्रेस आंदोलन करेगी।

गर्मी में चेक डैम खोल खाली कर दी नदी, ग्रामीण हुए बेहाल

अमरपुर के किसानों ने पंचायत पर लगाया छल का आरोप

अमरपुर/डिंडोरी, देशबन्धु। डिंडोरी जिला अंतर्गत जनपद पंचायत अमरपुर के निकटस्थ ग्राम रामगढ़ में पंचायतों की मनमानी ने ग्रामीणों की गर्मी और पानी की बेहाली को और गहरा कर दिया है। जल संरक्षण के नाम पर स्वीकृत चेक डैम को निर्माण एजेंसी ने स्टॉप डैम बनाकर तबाह कर दिया और गुरुवार-शुक्रवार की रात 11 जून से 12 जून की अल-सुबह के बीच गुपचुप तरीके से डैम के गेट खोल दिए गए, परिणामस्वरूप शहर-गांव के कई हिस्सों का पानी एक ही रात में बह गया और जनता को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि डैम में पहले से अच्छा-खासा जलभराव था, जो इस भीषण गर्मी में पीने, नहाने और पशु-पानी के काम आ रहा था। प्रशासन ने 16 जून से फिर से डैम खोलने पर प्रतिबंध का आदेश दिए जाने के बाद भी पंचायत द्वारा गेट बिना सूचित किए तथा बिना कारण खोला गया। डैम खुलते ही नदी में सैकड़ों लोग मछली पकड़ने और नहाने के लिए उमड़ पड़े; नदी और सतह का पानी इतना घटिया और गंदा हो गया कि मवेशी भी उसे पीने से हिचक रहे हैं। नदी के किनारे दो-पहिया वाहनों की लंबी कतारें और लोगों का जमावड़ा ग्रामीणों की रोजमर्रा की ज़िंदगी में अवरोध बन गया।

ग्रामीणों का कहना है कि यह पूरी तरह ग्राम पंचायत की मनमानी है। हमने कभी देखा नहीं कि मानसून से पहले पानी ऐसे खोला जाए। नहाना, कपड़े धोना सब बंद पड़ गया। बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर असर पड़ रहा है। पशु पानी नहीं पी रहे हैं, क्योंकि पानी में दुर्गंध आ रही है, इससे पशुपालन को भी नुकसान हो रहा है। उनका आरोप है कि आधिकारिक स्वीकृति चेक डैम के लिए दी गई थी, ताकि पानी संचित रहे; पर निर्माण एजेंसी ने स्टॉप डैम जैसा निर्माण कर लिया और पंचायत ने बिना सूचना तथा किसी स्थानीय परामर्श के गेट खोल दिए, जो स्पष्ट रूप से नियमों और स्थानीय हित के खिलाफ है।

कानूनी और प्रशासनिक सवाल : ग्राम पंचायत के इस निर्णय पर क्या अनुशासनात्मक या आपराधिक कार्रवाई की जाएगी? निर्माण एजेंसी ने किस अधिकार से और किन कारणों से डैम का स्वरूप बदला? प्रशासन ने 16 जून से प्रतिबंध का आदेश देने के बाद भी पूर्व में हुई खुली कार्रवाई पर जांच क्यों नहीं की?

ग्रामीण ने मांग की है कि पंचायत पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई हो, दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए और प्रभावित परिवारों की बहाली के लिए तुरंत मुआवजा दिया जाए। स्थानीय समाजसेवी एवं किसान नेता भी मामले की जांच की मांग कर रहे हैं और चेतावनी दे रहे हैं कि यदि तुरंत कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीण आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

जबलपुर में दमोह के खिलाड़ी ने लहराया जीत का परचम

दमोह, देशबन्धु। जबलपुर में आयोजित समर डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो चौंपियनशिप में दमोह ताइक्वांडो अकादमी के प्रतिभाशाली खिलाड़ी किशन रैकवार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस शानदार उपलब्धि से उन्होंने न केवल अपने परिवार और अकादमी का बल्कि पूरे दमोह जिले का गौरव बढ़ाया है।

प्रतियोगिता के दौरान किशन रैकवार ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, आत्मविश्वास और अनुशासन का परिचय देते हुए सभी मुकाबलों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उनकी इस सफलता के पीछे उनके गुरु एवं प्रशिक्षक मास्टर नीरज दुबे का विशेष योगदान रहा, जिनके कुशल मार्गदर्शन, निरंतर प्रशिक्षण और प्रेरणा ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मास्टर नीरज दुबे ने बताया कि किशन ने कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण के बल पर यह सफलता हासिल की है और भविष्य में वह राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी दमोह का नाम रोशन करने की क्षमता रखते हैं।